PUBLIC ADMINISTRATION (OPTIONAL) — PAPER I

UPSC Civil Services (Main) Examination, 2016

लोक प्रशासन (वैकल्पिक) — प्रश्न पत्र I

Time allowed: Three hours **Maximum marks: 250**

The questions of this paper in English and Hindi, grouped by marks (the printed paper numbers them Q1 to Q8; candidates answer five, with Q1 and Q5 compulsory). Read them with model answers and notes at swaadhigam.com/pyq/optional/public-administration/paper-1/2016.

10-MARK QUESTIONS

10 questions

1. "Taylorism is considered very controversial despite its popularity." (Stephen P. Waring) Comment. **10**

"टेलरवाद अपनी लोकप्रियता के बावजूद, बहुत विवादास्पद माना जाता है।" (स्टीफन पी० वारिंग) टिप्पणी कीजिए।

2. "Morale can drive an organization forward or can lead to employees' discontent, poor job performance and absenteeism." Examine. **10**

"मनोबल संगठन को आगे ले जा सकता है या कर्मचारियों के असंतोष, घटिया कार्य-निष्पादन और अनुपस्थितता को पैदा कर सकता है।" परीक्षण कीजिए।

3. "Public Administration is the translation of politics into reality that citizens see everyday." (Donald F. Kettl and James W. Fesler) Explain. **10**

"लोक प्रशासन, राजनीति का वास्तविकता में ऐसा अनुवाद है, जिसको नागरिक प्रतिदिन देखते हैं।" (डोनाल्ड एफ० केट्रल एवं जेम्स डब्ल्यू० फेसूलर) व्याख्या कीजिए।

4. "In spite of certain advantages, Social Audit arrangements have mostly been ineffective because there is no legal provision for punitive action." Comment. **10**

"कतिपय फायदों के बावजूद, सामाजिक लेखापरीक्षा व्यवस्थाएँ अधिकांशतः अप्रभावी रही हैं, क्योंकि दण्डात्मक कार्रवाई के लिए कोई वैधानिक व्यवस्था नहीं है।" टिप्पणी कीजिए।

5. "The autonomy of Public Corporations raised a great debate about their internal working and external relation with the Ministers and the Parliament." Discuss. **10**

"सार्वजनिक निगमों की स्वायत्तता ने उनकी आन्तरिक कार्यशैली और मंत्रियों एवं संसद के साथ उनके बाह्य सम्बन्ध के बारे में एक बड़ी बहस खड़ी कर दी है।" विवेचन कीजिए।

6. "Training is considered as paid holidays." Comment. **10**

"प्रशिक्षण को वेतन सहित अवकाश माना जाता है।" टिप्पणी कीजिए।

7. "Public borrowing produces different effects on the economy." Examine. **10**

"सार्वजनिक ऋणादान अर्थव्यवस्था पर विभिन्न प्रभावों को पैदा करता है।" व्याख्या कीजिए।

8. "Riggs observed that three 'trends' could be discerned in the comparative study of Public Administration." Discuss. **10**

"रिग्स ने टिप्पणी की थी कि लोक प्रशासन के तुलनात्मक अध्ययन में तीन प्रवृत्तियाँ देखी जा सकती हैं।" विवेचन कीजिए।

9. "In Public Policy Making, 'Rationalism' is the opposite of 'Incrementalism'." Examine. **10**
"लोक नीति-निर्माण में 'तर्कसंगतवाद', 'क्रमिकवृद्धिवाद' के विपरीत होता है।" परीक्षण कीजिए।

10. "Self-Help Groups are considered as one of the most significant tools to adopt participatory approach for economic empowerment of women." Comment. **10**
"स्वयं-सहायता समूहों को महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण हेतु सहभागी उपागम अपनाने का एक सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण उपकरण माना जाता है।" टिप्पणी कीजिए।

15-MARK QUESTIONS

12 questions

11. "Bureau-Shaping Model has been developed as a response to the Budget-Maximizing Model." Comment. **15**
"ब्यूरो-आकृतिदायी मॉडल का विकास बजट-अधिकतमीकरण मॉडल की प्रतिक्रिया के रूप में किया गया है।" टिप्पणी कीजिए।

12. "The New Public Administration has seriously jolted the traditional concepts and outlook of the discipline and enriched the subject by imparting wider perspective by linking it closely to the society." (Felix A. Nigro and Lloyd G. Nigro) Elucidate. **15**
"नव लोक प्रशासन ने इस शास्त्र की परम्परागत संकल्पनाओं तथा दृष्टिकोण को गम्भीरतापूर्वक झकझोर दिया है, तथा इसे समाज से निकटतम रूप में जोड़ते हुए अपेक्षाकृत विस्तृत परिप्रेक्ष्य प्रदान करने के द्वारा विषय को समृद्ध बनाया है।" (फेलिक्स ए० नीग्रो एवं लॉयड जी० नीग्रो) सुस्पष्ट कीजिए।

13. "The legislative control over administration is not as effective as it ought to be." Comment. **15**
"प्रशासन पर विधायी नियंत्रण उतना प्रभावी नहीं है जितना कि उसे होना चाहिए।" टिप्पणी कीजिए।

14. "The central concern of Administrative Law has been the legal limitation of administrative discretion." Give reasons. **15**
"प्रशासनिक विधि का केन्द्रीय सरोकार प्रशासनिक विवेक की वैधानिक परिसीमा रहा है।" कारण प्रस्तुत कीजिए।

15. "Good governance is ensuring respect for human rights and the rule of law, strengthening democracy, promoting transparency and capacity in Public Administration." (Kofi Annan) In the light of the statement, critically examine the criteria of good governance as provided by United Nations and Nayef Al-Rodhan. **15**
"सुशासन का अर्थ मानवाधिकारों के प्रति सम्मान और विधिसम्मत शासन, लोकतंत्र का सुदृढ़ीकरण, पारदर्शिता की प्रोन्नति और लोक प्रशासन में क्षमता को सुनिश्चित करना है।" (कोफी अन्नान) इस कथन के प्रकाश में संयुक्त राष्ट्र और नयेफ अल-रोधान के द्वारा प्रदत्त सुशासन के मापदण्डों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

16. "Civil society performs a key role in defending people against the State and market and in asserting the democratic will to influence the State." Analyze the statement with suitable examples. **15**
"सिविल समाज, राज्य और बाज़ार के विरुद्ध लोगों को सुरक्षा प्रदान करने तथा राज्य को प्रभावित करने की लोकतांत्रिक इच्छा को बलवती करने में मुख्य भूमिका अदा करता है।" उपयुक्त उदाहरणों सहित इस कथन का विश्लेषण कीजिए।

17. "The term 'work study' may be used in narrower and wider senses." Elucidate. **15**
"'कार्य अध्ययन' शब्द का इस्तेमाल अपेक्षाकृत अधिक संकुचित और अपेक्षाकृत अधिक बृहद् अभिप्रायों में किया जा सकता है।" सुस्पष्ट कीजिए।

18. "Disciplinary action may be informal and formal." Explain and point out the provisions made in the Constitution or Statute to check the misuse of power to take disciplinary action. **15**

"अनुशासनात्मक कार्रवाई अनौपचारिक और औपचारिक हो सकती है।" व्याख्या कीजिए और अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की शक्ति के दुरुपयोग को नियन्त्रित करने हेतु संविधान अथवा विधान में बनाए गए प्रावधानों को चिह्नित कीजिए।

19. "The problem is to achieve the right balance between a competitive market economy and an effective State: markets where possible; the State where necessary." Justify your answer. **15**

"समस्या एक प्रतियोगी बाज़ार अर्थव्यवस्था और एक प्रभावी राज्य के बीच सही संतुलन प्राप्त करने की है : बाज़ार जहाँ कहीं संभव हो; राज्य जहाँ आवश्यक हो।" अपने उत्तर का औचित्य सिद्ध कीजिए।

20. "Information Technology brings efficiency and transparency to Public Administration." Examine the statement with suitable examples. **15**

"सूचना प्रौद्योगिकी, लोक प्रशासन में दक्षता और पारदर्शिता लाती है।" उपयुक्त उदाहरणों सहित इस कथन का परीक्षण कीजिए।

21. "A central reason for utilization of Performance Appraisal is performance improvement of the employees." In the light of the statement, analyze the needs of Performance Appraisal in an organization. **15**

"निष्पादन मूल्यांकन के उपयोग का केंद्रीय कारण कर्मचारियों के निष्पादन का उन्नयन करना है।" इस कथन के प्रकाश में, संगठन में निष्पादन मूल्यांकन की आवश्यकताओं का विश्लेषण कीजिए।

22. "The idea of development stands like a ruin in the intellectual landscape" and "it is time to dismantle this mental structure". (Wolfgang Sachs) In the light of the statement, critically examine the anti-development thesis. **15**

"विकास का विचार बौद्धिक परिदृश्य में एक खण्डहर की तरह खड़ा है" तथा "समय आ गया है कि इस मानसिक संरचना को विध्वंस किया जाए।" (वॉल्फगैंग सैकूस) इस कथन के प्रकाश में विकास-विरोधी अवधारणा का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

20-MARK QUESTIONS

6 questions

23. "Douglas McGregor's Theory X and Theory Y describe two contrasting models of workforce motivation applied by managers in an organization." Examine. **20**

"डगलस मैकग्रेगर की थियोरी X और थियोरी Y संगठन में प्रबन्धकों के द्वारा अनुप्रयुक्त कार्यबल अभिप्रेरण के दो विषम मॉडलों का वर्णन करती हैं।" परीक्षण कीजिए।

24. "Blake and Mouton defined leadership styles based on two dimensions—concern for people and concern for production." In the light of the statement, discuss the Managerial Grid Model. Explain with reason which one of the styles is the best. **20**

"ब्लेक एवं माउटन ने नेतृत्व शैलियों को दो आयामों—लोगों के लिए सरोकार तथा उत्पादन के लिए सरोकार—के आधार पर परिभाषित किया था।" इस कथन के प्रकाश में प्रबन्धकीय ढाँचा (ग्रिड) मॉडल का विवेचन कीजिए। तर्क सहित समझाइए कि कौन-सी शैली सर्वश्रेष्ठ है।

25. "If the Regulatory Commissions are wholly independent, they are completely irresponsible for the doing of very important policy determining and administrative work; on the other hand, to rob the commissions of their independence is seriously to menace the impartial performance of their judicial work." (Cushman) Examine. **20**

"यदि विनियामक आयोग पूर्णतया स्वतंत्र हों, तो वे अति महत्त्वपूर्ण नीति-निर्धारण करने में तथा प्रशासनिक कार्य को करने में पूर्णतया गैर-जिम्मेदार होते हैं; इसके दूसरी तरफ़, आयोगों की स्वतंत्रता को छीन लेना, उनके न्यायिक कार्य के निष्पक्ष निष्पादन में गंभीर संकट पैदा कर देना है।" (कशमैन) परीक्षण कीजिए।

26. "Fred Riggs continuously changed his theory in order to create the perfect model." Comment. **20**

"फ्रेड रिग्स ने परिशुद्ध मॉडल का सृजन करने के क्रम में अपने सिद्धान्त को अनवरत रूप से परिवर्तित किया।" टिप्पणी कीजिए।

27. "Fiscal policy and monetary policy are the two tools used by the State to achieve its macroeconomic objectives." Examine the statement and point out the differences between the tools. **20**

"राजकोषीय नीति तथा मौद्रिक नीति दो ऐसे उपकरण हैं, जिनका राज्य समष्टि अर्थशास्त्रीय उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए इस्तेमाल करता है।" इस कथन का परीक्षण कीजिए तथा दोनों उपकरणों के बीच अन्तर को उजागर कीजिए।

28. "The key to understanding performance-based budgeting lies beneath the word 'result'." In the light of the statement, examine the elements of performance-based budgeting. **20**

"निष्पादन-आधारित बजटन की समझ की कुंजी 'परिणाम' शब्द के तले निहित है।" इस कथन के प्रकाश में निष्पादन-आधारित बजटन के तत्त्वों का परीक्षण कीजिए।